तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 दिसंबर 2024



12 भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने देश को पढ़ाया सुशासन ...





10 मंडल अध्यक्षों के चुनाव में विवाद, राजधानी ...






**खबर संक्षेप**

### डौंडीलोहारा में मानस गान सम्मेलन आज से

**डौंडीलोहारा।** नगर के लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में संजीवनी मानस समिति द्वारा 3 दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन 26 दिसंबर से 28 दिसंबर तक रखा गया है। कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक होगा। समिति के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।



### सीसी सड़क निर्माण के लिए कलेक्टर से मिले ग्रामीण



**बालोद।** ग्राम पंचायत फरदफोड़ वार्ड क्रमांक 08 निवासी कमलेश कुमार निषाद ने ग्राम में सीसी रोड का काम जारी करने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत फरदफोड़ के वार्ड क्रमांक 7–8 में सीसी रोड़ का कार्य 4 लाख रूपये का पास हुआ था। उसमें जिला पंचायत सदस्य द्वारा पेन से लिख कर 1 लाख राशि का कार्य सतनामी पारा में जोड़ा गया। उसके बाद सतनामी पारा कार्य पूर्ण हो गया है, लेकिन, उनके वार्ड में कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है। पंचायत में मेरे द्वारा वार्ड क्रमांक 08 यह बात रखने पर सचिव, सरपंच ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य ने यह कार्य सीधे ठेकेदार को सौंपा है, हम कुछ नहीं कर सकते। इसलिए वार्ड क्रमांक 08 मोहल्ला राणा पास महाराज घर से मिनी आंगन बाड़ी तक का कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ कर करवाने का आग्रह किया है।

### कलंगपुर में गुरु घासीदास जयंती व मड़ई-मेला कल

**कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम कलंगपुर में सतनामी समाज, ग्राम पंचायत एवं ग्रामीण विकास समिति व समस्त ग्रामवासी कलंगपुर के तत्वावधान में 27 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास की जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। सतनामी समाज के अध्यक्ष देवकुमार मारकंडे ने बताया कि इस अवसर पर सतनामी समाज द्वारा दोपहर में गुरु घासीदास की शोभायात्रा पंथी पार्टी द्वारा निकाली जाएगी। उसके बाद आमंत्रित अतिथियों द्वारा जैतखाम पर ध्वजारोहण कर पूजा अर्चना की जाएगी। इसी दिन बस स्टैंड स्थित शुक्रवार साप्ताहिक बाजार स्थल पर मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। वहीं, रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक कला नाचा पार्टी भूले बिसरे की प्रस्तुति रखी गई है।

### जुन्नापानी में देव मड़ई 31 को

**डौंडीलोहारा।** वनांचल ग्राम जुन्नापानी में 31 दिसंबर को देव मड़ई का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण विकास समिति के सचिव प्रीत लाल चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि में धर्म पूजा छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ग्राम मुंढोर्री का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष सेवाराम हिरवानी ने क्षेत्र वासियों को मड़ई में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

### पेट्रोल पंप में लूटपाट करने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नंदिनी थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप में लूटपाट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी ने बताया कि छत्रपाल साहू ने पुलिस में शिकायत किया था कि मेडेसरा स्थित बोथरा पेटोल पंप में चार युवक पेट्रोल भरवाने रात को पहुंचे थे। इस दौरान पेट्रोल पंप बंद होने की जानकारी देने के बाद भी युवकों ने कर्मियों से जबरन चाकू डंडा और एयरगन दिखाकर 28 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए।

**आयोजन : मुख्यमंत्री साय ने सुशासन दिवस पर कुनकुरी में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान की घोषणा**

# जिले की 2 नगर पालिका एवं 6 नगर पंचायतों में शीघ्र किया जाएगा अटल परिसर का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य के सभी नगरीय निकायों के साथ–साथ बालोद जिले की 2 नगर पालिका एवं 6 नगर पंचायतों में भी शीघ्र ही भव्य अटल परिसर का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन दिवस के अवसर पर जशपुर जिले के कुनकुरी के सलियाटोली स्टेडियम में आयोजित समारोह के माध्यम से जिले के 8 नगरीय निकायों में अटल परिसर निर्माण के लिए विधिवत भूमिपूजन किया।

समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरूण साव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने वर्चुअली उपस्थित रहकर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के वार्ड क्रमांक 16 के गंगासागर तालाब शीतला मंदिर के पास अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

भूमिपूजन समारोह में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, लीला शर्मा, शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अमित चोपड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों ने विधिवत पूजा–अर्चना कर गंगासागर तालाब के समीप अटल परिसर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिसर बालोद के अंतर्गत गंगासागर तालाब शीतला मंदिर के पास अधोसंरचना मद से 30 लाख रुपए की लागत से भव्य अटल परिसर का निर्माण किया जाएगा। समारोह में आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि अन्य अधिकारी–कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

**बालोद के वार्ड क्रमांक 16 में गंगासागर तालाब के पास अटल परिसर निर्माण कार्य का किया गया भूमिपूजन**





**नगर पंचायत गुरूर में अटल परिसर निर्माण के लिए सीएम साय ने किया भूमिपूजन**





**गुरूर।** अटल सुशासन दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नगर पंचायत में अटल परिसर निर्माण के लिए वर्चुअल भूमिपूजन किया। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, नंद किशोर शर्मा, ईशा प्रकाश साहू, संध्या साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महिमा साहू, त्रिलोकी साहू, पार्षद चिंताराम साहू, कुन्ती सिंहा, जीतेश्वरी निषाद सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पवन साहू ने कहा कि श्री वाजपेयी गरीबों का दर्द समझते थे, इसलिए उनके कार्यों में गरीबों के उत्थान, सुख सुविधा योजनाओं की प्राथमिकता रहती थी। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो छोटी–छोटी किंतु आम जनता से जुड़ी जरूरतों को पूरी करने वाली योजनाएं संचालित करती है। इससे गरीब के घर में खुशहाली आती है। उन्होंने कहा कि श्री वाजपेयी ने ही छत्तीसगढ़ बनाया एवं छत्तीसगढ़ को संवारा है, जिसे आज विष्णु देव की सरकार और संवार रही है। वहीं पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने कहा कि प्रदेश में जो विकास हो रहा है वह श्री वाजपेयी की ही देन है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश को विकसित बनाने की हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम को नंदकिशोर शर्मा, ईशा प्रकाश साहू, महिमा साहू, कौशल साहू त्रिलोकी साहू ने भी संबोधित किया। उपस्थितजनों ने समारोह में मुख्यमंत्री का संदेश वर्चुअल सुना।



**सुशासन दिवस पर भाजपाइयों ने निकाली रैली पूर्व पीएम वाजपेयी के कार्यों को किया याद**



**डौंडीलोहारा।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के नेतृत्व में सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत परिसर से अटल चौक तक रैली निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान पार्टी व देश की राजनीति में श्री वाजपेयी के योगदान को याद किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि भारत रत्न श्री वाजपेयी एक विराट व्यक्तित्व के धनी थे। सत्ता पक्ष और विपक्ष ने उन्हें हमेशा पूरा सम्मान दिया। उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल में अनेक ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। सफल परमाणु परीक्षण भी उनके कार्यकाल की देन है। पूर्व प्रधानमंत्री सिर्फ जननेता ही नहीं बल्कि एक प्रखर वक्ता और ओजस्वी कवि भी थे। कार्यक्रम को प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, ज़िलामंत्री जयेश ठाकुर, होरी लाल रावटे, जसराज शर्मा, लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, बलराम गुप्ता, संजय दुबे, जयलाल मालेकर, धर्मेंद्र निषाद, सुमेन्द्र देशमुख, नरेन्द्र जैन, रवि जैन, इकबाल अरोरा, धीरज जैन सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गंजईडीह के किसानों ने की विद्युत लाइन उपलब्ध कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम गंजईडीह के किसानों ने विद्युत विभाग द्वारा लाईन सर्वे नहीं किए जाने की शिकायत करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम गंजईडीह थाना, तहसील डौण्डीलोहारा के 5–6 कृषक खरखरा नदी कैनाल से अपनी कास्तकारी भूमि पर विद्युत मोटर से सिंचाई कर कास्तकरना चाहते हैं।

इस संबंध में विद्युत मण्डल डौण्डीलोहारा में लाईन लगाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत कर चुके हैं, किन्तु विद्युत विभाग द्वारा लाईन लगाने के लिए सर्वे नहीं किया जा रहा है। किसानों ने कहा कि आज-कल करते हुए 6 माह से ज्यादा समय से टाला जा रहा है। इसलिए कृषक रोहित कुमार, रामप्रसाद, गोदावरी बाई, बिझवारराम, हनुमान साहू, गुलाब सिंह ने विद्युत मण्डल अधिकारी डौण्डीलोहारा को सर्वे कर अतिशिघ्र लाईन लगाने का आदेश प्रदान किए जाने का आग्रह किया है।



## पद से हटाई गई तमोरा सरपंच सोनिया, 6 साल तक नहीं लड़ सकेंगी चुनाव

**गुण्डरदेही।** ग्राम तमोरा की सरंपच सोनिया निषाद पर बड़ी कार्रवाई हुई है। गुण्डरदेही एसडीएम ने छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत उन्हें पद से हटा दिया है। शिकायतकर्ता कोसा निवासी ताराचंद डाहरे पंच व ग्रामीणों ने 27 सितंबर को गुण्डरदेही एसडीएम व जिला पंचायत बालोद में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के विभिन्न कार्यों में अनियमिता बरतने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के बाद प्रशासन ने जांच टीम का गठन किया था। जांच में सरपंच के विरुद्ध गंभीर अनियमिता पाए जाने के कारण पंचायत राज अधिनियम 1993 के अन्तर्गत सरपंच सोनिया निषाद को धारा 40 के तहत तत्काल पद से हटा दिया गया है। साथ ही धारा 40 (2) के तहत सरपंच सोनिया निषाद के 6 वर्ष तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी है।

## कलेक्टर से मिले पसौद के ग्रामीण सरपंच के खिलाफ की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर की कार्रवाई की मांग

ग्राम पसौद के निवासियों ने सरपंच के खिलाफ विभिन्न आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर को 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत पसौद के सरपंच द्वारा पसौद से फरदफोड़ होते हुए दुर्ग जाने की मुख्य सड़क के कुछ हिस्से को, जो गौठान से करीब 100 मीटर की दूरी पर है, जिसके 50 मीटर सड़क को अपने निजी कब्जे में कर लिया है। परंतु प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। सरपंच द्वारा सड़क की दिशा में थोड़ा मोड़ होने का कारण बताकर ग्राम पसौद स्थित खसरा 232/1 की शासकीय घास भूमि में से 0.02 हेक्टेयर भूमि को सड़क रास्ता मद में बताया जा रहा है, जबकि 10 वर्ष पूर्व ग्रामीणों ने आपस में आर्थिक सहयोग कर घास भूमि पर सर्व सम्मिति से ग्रामीण व्यवस्था के तहत गाय चरवाहा अन्य ग्राम का होने के कारण ग्राम में रहने के लिए मकान बनाकर दिया गया था। उक्त मकान को तोड़ने पूरे ग्रामीणों को प्रताड़ित कर रहा है। इस संबंध में 10 दिसंबर को जिला जनचौपाल में शिकायत की गई, पर कार्रवाई नहीं की गई।



इससे ग्रामीण भयभीत है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच द्वारा आज से 20 वर्ष पूर्व ग्रामीणों को इसी तरह प्रताड़ित कर ग्राम के 4 मुखिया को झूठे आरोप में हवालात का दरवाजा दिखा दिया था। इसी तरह सरपंच पर गौठान के पास नर्सरी की ईमारती लकड़ी को काटकर ठेकेदारी में उपयोग करने की भी आरोप लगाया जा रहा है। जिसको न्यायालय मे दण्डित भी किया गया है। ग्राम में मनरेगा कार्य में मजदूरों को काम में नहीं लिया जाता। ग्रामीणों ने शिकायत पर जांच व कार्रवाई की मांग की है।

**राष्ट्र जागरण अभियान के तहत रामनगर धनगांव रोड डौंडीलोहारा में हुआ कार्यक्रम**

## 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में उमड़ा आस्था व श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में नारी सशक्तिकरण वर्ष 2024- 25 राष्ट्र जागरण अभियान के तहत जिला स्तरीय 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ रामनगर धनगांव रोड डौंडीलोहारा में 21 से 24 दिसंबर तक आयोजित किया गया।

प्रथम दिवस भव्य ऐतिहासिक मंगल कलश यात्रा विभिन्न झांकियों के साथ निकाली गई। संध्या शांतिकुंज के प्रज्ञा पुत्रों द्वारा युग संगीत एवं प्रवचन हुआ। द्वितीय दिवस प्रातः योग ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग यज्ञ का ज्ञान विज्ञान, देव पूजन 51कुंडीय गायत्री महायज्ञ ,संगठनात्मक संकल्प, नारी सम्मेलन डॉ कुंती साहू द्वारा उद्बोधन संगीत एवं प्रवचन हुआ। तृतीय दिवस प्रातः ध्यान साधना प्रज्ञा योग गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार कार्यकर्ता गोष्ठी, युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसे प्रांतीय प्रकोष्ठ सहसंयोजक चंपेश्वर साहू एवं गायत्री शक्तिपीठ राजनांदगांव के प्रज्ञा पुत्र हरीश गांधी ने संबोधित किया। मीडिया प्रभारी पीलू राम साहू ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने पूरे बालोद जिले के गायत्री परिवार के कार्यकर्ता के साथ ही युवा संगठनों, नारी शक्तियों सामाजिक धार्मिक सज्जनों का योगदान रहा। माता भगवती भोजनालय की जिम्मेदारी कोंडागांव उत्तर बस्तर क्षेत्र से वरिष्ठ कार्यकर्ता महाप्राण बाबूजी के मार्गदर्शन में 40 कार्यकर्ताओं ने संभाली। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय वक्ता केके विनोद बाबूजी, कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग, जामड़ी पाटेश्वर धाम के संचालक रामबालक दास शामिल हुए। सफल कार्यक्रम के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष भोलाराम साहू सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में परम पूज्य गुरुदेव पंडित राम शर्मा आचार्य द्वारा चलाए जा रहे सप्त क्रांति आंदोलन की प्रदर्शनी भी लगाई गई। सफल संचालन सचिव मिलन सिंह ने किया।





### अंतिम दिन हुए कराए गए संस्कार

चतुर्थ व अंतिम दिवस मंगलमय वातावरण में प्रतिदिन की तरह प्रातः योगाचार्यों द्वारा प्रातः ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग व्यायाम से शुभारंभ किया गया। उसके बाद 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार किए गए। इनमें पुंसवन संस्कार 111, विद्यारंभ संस्कार 102, दीक्षा संस्कार 131, यज्ञोपवीत संस्कार 9, नामकरण संस्कार 1, अन्नप्राशन संस्कार 12 एवं मुंडन संस्कार 24 संपन्न किए गए। उसके बाद पूर्णाहुति कर वंदनीया माताजी की जन्मशताब्दी के न्यूनतम संकल्प एवं नशा निवारण संकल्प के साथ महाप्रसादी एवं शांतिकुंज प्रतिनिधि टोली की विदाई किया गया।कार्यक्रम में पूरे जिले से 70 से अधिक आयु के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं (प्रज्ञा पुत्रों) का सम्मान किया गया।


**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

